>

Title: Need to set up CGHS dispensaries in Madhav Puram and Shatabdi Nagar in Meerut Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला मेरठ में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एच.एस) की छः डिस्पेंसरियों की स्थापना स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा की गई है। उक्त डिस्पेंसरियां मेरठ में क्रमशः आबूलेन, सूरजकुंड रोड, मोहनपुरी, विजय नगर, लेखानगर एवं शूद्धापुरी में स्थापित की गई हैं। उपरोक्त समस्त डिस्पेंसरियां एक दूसरे से एक से तीन किलोमीटर की परिधि में है तथा जिले में केवल एक छोर अर्थात बेगमपुल व मेरठ कैंट एरिया के आसपास स्थापित है। परिणामस्वरूप मेरठ के ऐसे क्षेत्रों में निवास करने वाले केन्द्रीय कर्मियों, जो कि इन डिस्पेंसरियों से एक से तीन किलोमीटर की परिधि अर्थात बेगमपुल व मेरठ कैंट एरिया इत्यादि के लिए तो इनकी पहुंच सुलभ है जबकि ऐसे बहुत से केन्द्रीय कर्मचारी हैं जो इन डिस्पेंसिरयों से लगभग आठ से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित बागपत रोड, किशनपुरा, मलियाना, रिठानी, शताब्दीनगर, गुप्ता कॉलोनी, श्रीराम काम्पलैक्स, सूर्या पैलेस, सरस्वती लोक, राजकमल एन्क्लेव, वेदव्यासपुरी, इन्द्रा कालोनी, परतापुर इत्यादि में निवास करते हैं। उक्त कालोनियों में निवास करने वाले केन्द्रीय कर्मियों को पूरा मेरठ शहर पार करके आठ से दस किलोमीटर दूर स्थित इन डिस्पेंसरियों में इलाज हेतु पहुंचना होता है तथा असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उक्त क्रम में सबसे ज्यादा खामियाजा वृद्धावस्था वाले सेवानिवृत्त केन्द्रीय कर्मचारियों को उठाना पड़ता है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं, उपरोक्तवर्णित कॉलोनियों में निवास करने वाले केन्द्रीय कर्मियों तथा अन्य लाभार्थियों की चिकित्सकीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दो अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एच.एस) डिस्पेंसरियों की स्थापना क्रमशः माधवपुरम व शताब्दीनगर कॉलोनियों में की जाये ताकि इन्हें चिकित्सा सेवा बिना किसी असुविधा व कठिनाई के सुलभ हो।